उत्तर प्रदेश शासन
न्याय अनुभाग-2 (अधीनस्थ न्यायालय)
संख्या-846/सात-न्याय-2-2026-22जी/2024
लखनऊ; दिनांक:03 सितम्बर, 2026

**कार्यालय-ज्ञाप**

डॉ0 राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सहायक प्राध्यापकों (Assistant Professors) के पदों पर वर्ष 2026 में चयन प्रक्रिया तथा नियुक्तियों के संबंध में कथित अनियमितताओं के संबंध में मा0 अध्यक्ष, महापरिषद/मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0 प्र0 के निर्देशानुसार उपरोक्त अनियमितताओं की गहन जाँच/परीक्षण हेतु निम्नानुसार एक उच्च स्तरीय त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया जाता है:-

(1) श्री एम0 देवराज, प्रमुख सचिव, कार्मिक एवं नियुक्ति विभाग, उ0 प्र0 शासन (अध्यक्ष)
(2) श्री एम0 पी0 अग्रवाल, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन (सदस्य)
(3) श्री उदय प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव न्याय/विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन (सदस्य)

2. उक्त समिति को डॉ0 राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सहायक प्राध्यापकों (Assistant Professors) की चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति के संबंध में विधि अनुसार, शासनादेश संख्या-01/2026/45/सात-न्याय-2-2026-253जी/2019 टी0सी0-II दिनांक 27.01.2026, यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2018 के सुसंगत प्राविधानों, डॉ0 राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज अधिनियम, 2020 में वर्णित व्यवस्था के दृष्टिगत, प्रश्नगत चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति से सम्बन्धित समस्त सुसंगत तथ्यों, प्रपत्रों इत्यादि के संबंध में जाँच किये जाने की समस्त शक्तियाँ प्राप्त होंगी।

3. जाँच समिति 30 दिनों के भीतर अपनी जाँच आख्या व निष्कर्ष मा0 अध्यक्ष, महापरिषद/मा0 मुख्यमंत्री जी को प्रस्तुत करेगी।

4. जाँच के दौरान सम्बन्धित विधि विश्वविद्यालय के सभी विभाग, अधिकारी और कार्मिक जांच समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे ।

(दिनेश सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक-तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

(1) निजी सचिव, श्री एम0 देवराज, प्रमुख सचिव, कार्मिक एंव नियुक्ति विभाग,उ0 प्र0 शासन (अध्यक्ष)।
(2) निजी सचिव, श्री एम0 पी0 अग्रवाल, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन (सदस्य)।
(3) निजी सचिव, श्री उदय प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव न्याय/विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन (सदस्य)।
(4) महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ।
(5) कुल सचिव, डॉ0 राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

आज्ञा से,
(दिनेश सिंह)
विशेष सचिव।